# रत्नेश्वर महादेव की महाआरती के साथ शुरू हुआ स्थापना महोत्सव



रत्नेश्वर महादेव की आरती करते समिति पदाधिकारी व सदस्य।

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

शहर के स्थापना दिवस (वसंत पंचमी) के उपलक्ष्य में गुरुवार से 3 दिन स्थापना महोत्सव की शुरुआत हो गई। पहले दिन रत्नेश्वर रोड स्थित मंदिर में रत्नेश्वर महादेव की महाआरती की गई। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण भी किया। संयोजक मुन्नालाल शर्मा, मोहनलाल धभाई, मंगल लोढ़ा, गोपाल शर्मा, सुनील माली, रवि पंवार, राजू हॉकी, रमेश पांचाल, मनीष जैन, विक्रम गुर्जर, अशोक सोनी, मुरलीधर गुर्जर, मनीष बैरागी, अनिल सोनी आदि उपस्थित रहे।

स्थापना महोत्सव समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी ने बताया कि इस बार स्थापना दिवस नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। नगर निगम तिराहे पर स्थापित महाराजा रतनसिंहजी प्रतिमा पर 5 फरवरी को माल्यार्पण होगा। यहीं पर शहर की स्थापना पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसका शुभारंभ विधायक चेतन्य काश्यप करेंगे। इसके बाद शाम 6.30 बजे गुलाब चक्कर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के रंग बिखरेंगे। इसके पहले 4 फरवरी शाम 7.30 से 8.30 बजे तक प्रमुख चौराहों पर आतिशबाजी कर खुशियां मनाई जाएंगी।

दै. भास्कर 5/2/22

# बसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस पर होगा दो दिवसीय समारोह

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

रतलाम स्थापना महोत्वस समिति की बैठक संस्थापक व समिति संयोजक मुन्नालाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी बसंत पंचमी, रतलाम स्थापना दिवस पर समिति द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम कर रतलाम स्थापना दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया गया।

समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा ने बताया कि स्थापना महोत्सव समिति द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम किया जाएगा। शुभारंभ 3 फरवरी की शाम को महाराजा रतनसिंह द्वारा स्थापित रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर महाआरती कर किया गया। 4 फरवरी स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शाम 7 बजे के बाद चौराहों पर आतिशबाजी की जाएगी।

5 फरवरी को बसंत पंचमी स्थापना दिवस पर नगर निगम तिराहे पर स्थापित महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन होगा। रतलाम से संबंधित प्रदर्शन की आयोजन करते हुए मिठाई भी बांटी जाएगी।

मुख्य अतिथि विधायक चेतन्य काश्यप रहेंगे। शाम को 6:30 बजे गुलाब चक्कर में रतलाम स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। समिति के सदस्य प्रदीप उपाध्याय, मोहनलाल धभाई, संतोष पोरवाल, गोपाल शर्मा, आदित्य डागा, राजेश कटारिया, सूरज जाट, भगतसिंह भदौरिया, राजेश रांका आदि उपस्थित थे। ६२१

दबंग दुनीया ५/२/२२

# आतिशबाजी के साथ होंगे सांस्कृतिक आयोजन

**रतलाम।** रतलाम स्थापना महोत्सव समिति की बैठक समिति के संस्थापक व संयोजक मुन्नालाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस पर समिति द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम में स्थापना दिवस को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाने पर विचार किया गया। इसके तहत गुरुवार को रत्नेश्वर महादेव की महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा ने बताया कि तीन फरवरी को शाम सात बजे रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह द्वारा स्थापित रत्नेश्वर महादेव मंदिर रत्नेश्वर रोड पर महाआरती का आयोजन हुआ। आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। चार फरवरी को शाम 7:30 से 8:30 बजे तक नगर के विभिन्न चौराहों पर आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी। पांच फरवरी वसंत पंचमी पर महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन



महाराजा रतनसिंह • नईदुनिया

कर रतलाम स्थापना से आज तक पर प्रदर्शनी, आतिशबाजी कर मिठाई वितरण नगर निगम व रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप होंगे। शाम 6:30 बजे गुलाब चक्कर में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बैठक में समिति के सदस्य मोहनलाल धभाई, संतोष पोरवाल, गोपाल शर्मा, आदित्य डागा, राजेश कटारिया, सूरज जाट, प्रहलाद पटेल, भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, राजेश रांका, राकेश परमार, रजनीश गोयल, पंडित राजू हाकी, हितेश कामरेड आदि उपस्थित रहे।

**सरस्वती मंदिर में होगी महाआरती**

शहर के मध्य राजीव गांधी सिविक सेंटर परिसर स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर जन-जन की आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। मंदिर परिसर में शहर का एकमात्र सरस्वती मंदिर भी स्थित है। यहां वसंत पंचमी पर विशेष आयोजन होंगे। इसे लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। मंदिर में मुख्य रूप से तीन पुजारी हैं राम शर्मा, ललित शर्मा, मुकेश शर्मा। मंदिर के पुजारी ललित शर्मा ने बताया कि उनके परदादा से भी पहले से यही परिवार के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर की देखरेख और पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं।

मंदिर रतलाम स्थापना से लगभग 400 साल से भी ज्यादा पुराना है। लाल पत्थर से निर्मित मंदिर परिसर में प्राचीन बावड़ी स्थित है। बावड़ी में लगभग 40 वर्ष पुराना बहुत बड़ा कछुआ है। नई.

नईदुनिया 5/2/22

# बसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस (नगर गौरव दिवस) रतलाम स्थापना महोत्सव समिति व नगर निगम द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

रतलाम । रतलाम स्थापना महोत्सव समिति की बैठक 1 फरवरी को समिति के संस्थापक व समिति संयोजक श्री मुन्नालाल पर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी बसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस पर समिति द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम कर रतलाम स्थापना दिवस को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाने पर सर्वानुमति से विचार-विमर्ष किया गया। उक्त जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष श्री प्रवीण सोनी, सचिव श्री मंगल लोढ़ा ने बताया कि रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा बसंत पंचमी पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया जिसके तहत 3 फरवरी गुरूवार को सांय 07:00 बजे रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह जी द्वारा स्थापित रत्नेष्वर महादेव मंदिर रत्नेष्वर रोड पर महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण कर रतलाम स्थापना का पुभारंभ किया जाएगा। इसी तरह 4 फरवरी पुक्रवार रतलाम स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सांय: 7:30 से 8:30 बजे तक नगर के विभिन्न चौराहों पर आकर्शक आतिषबाजी की जावेगी।

5 फरवरी पनिवार को बसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाते हुए नगर निगम तिराहे पर स्थापित रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर रतलाम स्थापना से आज तक पर प्रदर्पनी का पुभारंभ किया जायेगा व आतिषबाजी कर मिठाई वितरण नगर निगम रतलाम व रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रतलाम पहर माननीय श्री चेतन्य जी काष्यप होंगे। सांय 6:30 बजे गुलाब चक्कर में रतलाम स्थापना दिवस (नगर गौरव दिवस) के रूप में मनाते हुए सांस्कृतिक का... आयोजन किया जायेगा।

आयोजित बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप उपा... मोहनलाल धभाई, संतोष पोरवाल, गोपाल पर्मा, आदित्य ... राजेष कटारिया, सूरज जाट, प्रहलाद पटेल, भगतसिंह भदौरि... पप्पू पुरोहित, राजेष रांका, रमेष पांचाल, राकेष परमार, सु... माली, अषोक यादव, राजेष ...हेष्वरी, रजनीष गोयल, ... राजू हॉकी, रामचन्द्र डोई, ईष्वर रजवाडिया, महेन्द्र मूणत, ... सुरेषचन्द्र चावड़ा, लक्ष्मीनाराण गेहलोत, हितेष कामरेड, ... सोलंकी, विनोद राठौर, सुनील रांका, मुरलीधर गुर्जर, विषाल अग्रवाल, विक्रम गुर्जर गट्टू, जोन्टी गुर्जर, ष्याम सोनी, प्रकाष ...भाई, तेजपाल रेडा, बालमुकुन्द चावड़ा, असीम व्यास, राकेष ... सुरेष व्यास लालू, नागूसिंह ... पंड्या, नवीन ...रा, सत्यनाराण भाटी, कमलसिंह ..., प्रहलाद माली, मंगलेष गुर्जर, ओमप्रकाष मकवाना, विपाल चावड़ा, प्रकाष प्रजापति आदि उपस्थित थे।

स्वतंत्र ऐलान 5/2/22

स्वतंत्र

# धरती को स्वच्छ व सुरक्षित बनाए

## नगर निगम ने विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया वर्ल्ड वेटलैंड डे

रतलाम । हमारे सौरमंडल में केवल धरती ही ऐसा ग्रह है, जहां जीवन है, जहां नदी, झरने, पहाड़, वन, अनेक जंतु प्रजातियां हैं और जहां हम सब मनुष्य भी हैं। लेकिन हम सब की लालच और लापरवाही ने ना केवल दूसरी जीव प्रजातियों के लिए बल्कि खुद अपने लिए और संपूर्ण धरती के लिए संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में पृथ्वी दिवस जैसे आयोजन हमें जागरूक करने के लिए जरूरी हैं। आइए इस पृथ्वी दिवस पर हम धरती की पुकार सुनें और इसे स्वच्छ–सुरक्षित बनाए रखने में अपना भरपूर योगदान दें उक्त विचार भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने नगर निगम द्वारा विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होने शहर के प्राचीन अमृतसागर तालाब के जीर्णोद्धार के लिए नगर निगम प्रशासन को शुभकामनाएं भी दी। अमृतसागर उद्यान में विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमावत,पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित, नगर निगम परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक पोरवाल विशेष रुप से उपस्थित रहे। स्वागत भाषण नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने देते हुए विश्व आर्द्र भूमि दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों और पृथ्वी के लिए वेटलैंड्स द्वारा निभाई गई > स्वतंत्र

स्वतंत्र हल्लान ५/२/२२

कोरोना से रतलाम में तीसरी मौत

# कम हो रहे कोरोना मरीज लेकिन मौत के बढ़ रहे मामले

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोरोना की तीसरी लहर के दौर में लगातार तेजी से बढ़ रही मरीजों की संख्या में अब कमी आने लगी है। इस बीच गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती हुए एक और मरीज ने गुरुवार को दम तोड़ दिया। इस मौत के साथ ही रतलाम में कोरोना से तीसरी लहर के दौर में तीसरी मौत जुड़ गई है।

मेडिकल कॉलेज की लैब से बुधवार को आई रिपोर्ट में हाथीखाना जावरा निवासी 50 वर्षीय युवक की मौत का खुलासा हुआ है। मरीज को गंभीर हालत में 1 फरवरी को उपचार के लिए भर्ती किया गया था और अगले ही दिन उसने दम तोड़ दिया। देर शाम आई मरीजों की रिपोर्ट में जांच के लिए गए मृतक के सेंपल की रिपोर्ट पॉजिटिव निकल गई।

## 20 हजार से अधिक पॉजिटिव

रतलाम जिले में अब तक 20 हजार से अधिक लोगों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव पाई गई है। वहीं 19 हजार से अधिक मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके है। रतलाम में बुधवार तक 20331 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आ चुकी है। वहीं 19218 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके है। इनके अतिरिक्त रतलाम के रिकॉर्ड में मरीजों की मौत का आंकड़ा महज 314 ही दर्शाया गया है।

पत्रिका

पत्रिका 4/2/22

# निगम ने विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया वर्ल्ड वेटलैंड डे

रतलाम । हमारे सौरमंडल में केवल धरती ही ऐसा ग्रह है, जहां जीवन है, जहां नदी, झरने, पहाड़, वन, अनेक जंतु प्रजातियां हैं और जहां हम सब मनुष्य भी हैं। लेकिन हम सब की लालच और लापरवाही ने ना केवल दूसरी जीव प्रजातियों के लिए बल्कि खुद अपने लिए और संपूर्ण धरती के लिए संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में पृथ्वी दिवस जैसे आयोजन हमें जागरूक करने के लिए जरूरी हैं। आइए इस पृथ्वी दिवस पर हम धरती की पुकार सुनें और इसे स्वच्छ-सुरक्षित बनाए रखने में अपना भरपूर योगदान दें।

उक्त विचार भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने नगर निगम द्वारा विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होने शहर के प्राचीन अमृतसागर तालाब के जीर्णोद्धार के लिए नगर निगम प्रशासन को



शुभकामनाए भी दी। अमृतसागर उद्यान में विश्व आद्र भूमि दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमावत,पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित, नगर निगम परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक पोरवाल विशेष रुप से उपस्थित रहे।

स्वागत भाषण नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने देते हुए विश्व आर्द्र भूमि दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों और पृथ्वी के लिए वेटलैंड्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमावत ने कहां कि विश्व वेटलैंड्स दिवस हर साल 2 फरवरी को ईरान के शहर रामसर में केस्पियन सागर के तट पर 2 फरवरी 1971 को वेटलैंड्स के संरक्षण पर हुए कन्वेंशन को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है। पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल ने कहा कि पृथ्वी पर जीवों के विकास की एक लम्बी कहानी है और इस कहानी का सार यह है कि धरती पर सिर्फ हमारा ही अधिकार नहीं है अपितु इसके विभिन्न भागों में विद्यमान करोड़ो प्रजातियों का भी इस पर उतना ही अधिका है जितना कि हमारा इसलिये धरती को सहेजना है। उपायुक्त विकास सोलंकी, प्रहलाद पटेल, सोना शर्मा, कृष्णकुमार सोनी, राकेश मीणा, ब्रांड एम्बेसेडर अनुज शर्मा, दिव्या पाटीदार जोशी, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी, नागरिक व स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।

## क्विज और परिचर्चा में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया

विश्व वेटलेंड दिवस पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों के तहत अमृत सागर थीम पर केन्द्रीत सांस्कृतिक, पर्यावरणीय, पारम्परिक महत्व पर आधारित संगोष्ठी, परिचर्चा, क्विज आदि के आयोजन किए गए थे। इसके तहत उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। यहां आयोजित क्विज प्रतियोगिता में संजना मोयल, रोहित यादव और मनीष भरावत ने श्रेष्ठ प्रस्तुति देकर पुरुस्कार प्राप्त किया। इसी तरह परिचर्चा में मनीषा भरावत और धीरज यादव ने पुरुस्कार प्राप्त किया। अन्य प्रतियोगियों को भी प्रमाण पत्र भेंट किए गए।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंग जमा

इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक आयोजन में देशभक्ति व स्वच्छता से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी गई। यहां निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान सहित अन्य गायक कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति दे कर समा बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता गीत का विमोचन भी किया गया। नवभारत

नवभारत ५/२/२२

**ये दुकानें कब हटेंगी** • कलेक्टर की मौजूदगी में नवंबर में हुई थी सड़क सुरक्षा सप्ताह की बैठक

# ढाई माह में मंडियां तो दूर सब्जी की एक दुकान तक नहीं हटा पाए अफसर, जाम से शहर परेशान

**भास्कर रिकॉल**



21 नवंबर 2021 को प्रकाशित खबर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

ढाई महीने पहले कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की मौजूदगी में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़कों पर लगने वाली अवैध सब्जी मंडियों को शिफ्ट करने की योजना बनी थी। अब तक मंडियां तो दूर अफसर एक दुकान तक भी नहीं हटा पाए। वर्तमान में भी सब्जी की दुकानें सड़क किनारे ही लग रही हैं। जाम से सारा शहर परेशान है। आबकारी चौराहा से त्रिपोलिया गेट की दूरी डेढ़ किमी है लेकिन सब्जी दुकानों की वजह से 5 मिनट के सफर के 15 मिनट लग रहे हैं। यह स्थिति अन्य जगह भी है जिससे पूरा शहर परेशान है।

## स्थान तय किया, फैसला भी हुआ लेकिन अब तक प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी



चांदनीचौक से त्रिपोलिया गेट तक रोड की दोनों साइड सड़क पर ही सब्जी बिक रही है।

### सड़क किनारे लगानी वाली सब्जी की दुकानें जो शिफ्ट होना थीं

- त्रिपोलिया गेट, चांदनीचौक, चौमुखीपुल, घासबाजार व माणकचौक में सड़क किनारे लगने वाली दुकानें त्रिवेणी मेला ग्राउंड में शिफ्ट होना थीं।
- तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेवलाला की पीपली, नीमचौक, लोहार रोड, शहर सराय, सागोद रोड पर की दुकानें जैन स्कूल के पीछे बोहरा कब्रिस्तान और अमृतसागर तालाब के पास शिफ्ट होना थीं।
- टीआईटी रोड, कॉन्वेंट तिराहा से फव्वारा चौक तक, डाट की पुलिया, पैलेस रोड क्षेत्र की सब्जी दुकानों को पंजाबी धर्मशाला के पास शिफ्ट होना थीं।
- राममंदिर चौराहा, कस्तूरबानगर, जवाहरनगर व सैलाना रोड मुख्य मार्ग की सब्जी दुकानों को बाल संप्रेक्षण गृह के सामने विरियाखेड़ी व जवाहरनगर मुक्तिधाम के सामने, जवाहरनगर बी कॉलोनी रोड के सामने वाले मैदान में शिफ्ट होना था।

**15 साल से एक ही मुद्दा उठ रहा** - मैजिक-टेम्पो यूनियन संरक्षक राजकुमार जैन लाला ने बताया कि सड़क किनारे सब्जी की दुकानें तो लग रही हैं। खरीददार भी वाहन पर बैठकर ही सब्जी खरीदते हैं। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में 15 साल से एक ही मुद्दा उठ रहा है। योजना बनती है। अमल नहीं होता है।

**इधर हट गईं सब्जी की दुकानें**- कसारा बाजार में पहले रोड की दोनों साइड सब्जी की दुकानें लगती थीं। कोरोना के कारण यहां सब्जी की दुकानें लगना बंद हुईं। इसके बाद लोगों की जागरूकता के कारण फिर सब्जी की दुकानें नहीं लग पाईं। इससे क्षेत्र को जाम से भी मुक्ति मिली है। भास्कर

**शिफ्ट करने के प्रयास करेंगे**- ट्रैफिक टीआई अशोक निनामा ने बताया कि मैंने ट्रैफिक टीआई का प्रभार अभी कुछ दिन पहले ही संभाला है। फिर भी सभी के साथ मिलकर सड़क की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के प्रयास किए जाएंगे और रोड किनारे लगने वाली सब्जी मंडी को शिफ्ट करने के प्रयास किए जाएंगे।

दै. भास्कर 5/2/22

# निगम स्वामित्व की रिक्त व अतिरिक्त भूमि का होगा सर्वे

## इसके बाद नियम के तहत जमीन विक्रय की जाएगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहरी सीमा क्षेत्र में नगरपालिक निगम स्वामित्व और विभिन्न आवासीय योजना में अतिरिक्त भूमि का सर्वे होगा। इनका सर्वे करके नक्शा भी बनाया जाएगा। इसके बाद अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत जमीन विक्रय की जाएगी। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया तत्कालीन नगर सुधार न्यास (वर्तमान में विकास शाखा) द्वारा 51 आवासीय योजनाएं बनाई गई थीं। आवासीय योजनाओं में रिक्त व अतिरिक्त भूखंडों का सर्वे करके नक्शा बनाने के लिए नियुक्त कंसल्टेंट को आदेश दे दिए हैं।

### 28 तक 100 प्रतिशत कम्पाउंडिंग प्रकरण बनें

अनुमति और स्वीकृत के उलट मकान बनाने वाले सारे लोगों से कंसल्टेंट 28 फरवरी तक कम्पाउंडिंग प्रकरण लगवाएं। आयुक्त झारिया ने अब तक तैयार प्रकरण का अपडेट लिया। साथ ही निर्देश दिए कि ऐसे कंसल्टेंट जिन्होंने अभी तक कम्पाउंडिंग प्रकरण तैयार नहीं किए हैं, उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएं। बता दें कि 30 प्रतिशत अनुमति के उलट या बिना अनुमति के अवैध निर्माण को कम्पाउंडिंग (प्रशमन) शुल्क लेकर नगर निगम नियमित कर रहा है।

दै. भास्कर 5/2/22

# निगम स्वामित्व की रिक्त व अतिरिक्त भूमि का होगा सर्वे

रतलाम। नगर निगम की पूर्व न्यास की योजनाओं में उपलब्ध रिक्त व अतिरिक्त भूमियों का सर्वे, विस्तृत मानचित्र बनाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। सर्वे उपरांत रिक्त व अतिरिक्त भूखंडों का विक्रय अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास (वर्तमान में विकास शाखा) द्वारा 51 आवासीय योजनाएं बनाई गई थी। आवासीय योजनाओं में रिक्त व अतिरिक्त भूखंडों के सर्वे का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए नियुक्त कंसल्टेंट को कार्यादेश भी जारी किया जा चुका है।

नईदुनिया 5/2/22

नगर निगम ने विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया वर्ल्ड वेटलैंड डे

# भोपाल का भोज तालाब, रतलाम का अमृत सागर वेटलैंड के साथ अमूल्य धरोहर हैं

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

आर्द्र भूमि सहेजने की शुरुआत ईरान में आयोजित सम्मेलन से हुई। भोपाल का भोज तालाब वेंटलैंड है। हमारे रतलाम में अमृत सागर तालाब वेंटलैंड है इसके जीर्णोद्धार तो नगर निगम कर ही रही है। हमें भी इसे सहेजने में अपना योगदान देना है। वेटलेंड पृथ्वी का बहुत महत्वपूर्ण अंग है जो मनुष्यों के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

यह बात पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने नगर निगम द्वारा विश्व आर्द्र भूमि दिवस अवसर पर समारोह में कही। अमृतसागर उद्यान में आयोजित हुए आयोजन में पुरोहित सहित, भाजपा जिलाध्यक्ष, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमावत, नगर निगम परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक पोरवाल आदि ने आतिथ्य दिया। स्वागत भाषण नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने देते हुए कहा कि इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों और पृथ्वी के लिए वेटलैंड्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने अमृत सागर जीर्णोद्धार से जुड़ी योजना की विस्तृत जानकारी दी। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री कुमावत ने कहा कि वेटलैंड्स एक ऐसा स्थान है जहां पौधे और पशु प्रजातियों की घनी विविधता पाई जाती है। ये जैव विविधता से भी समृद्ध होता हैं। जो शोधकताओं के अनुमान के अनुसार घटता जा रहा है। पूर्व निगम अध्यक्ष पोरवाल ने कहा कि पृथ्वी पर सिर्फ हमारा ही अधिकार नहीं है। इसके विभिन्न भागों में विद्यमान करोड़ो प्रजातियों का भी इस पर उतना ही अधिकार है।

दबंग



## सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंग जमा

इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक आयोजन में देशभक्ति व स्वच्छता से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी गई। यहां निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, झोन प्रभारी किरण चौहान सहित अन्य गायकों ने प्रस्तुति दी। स्वच्छता गीत का विमोचन भी किया गया। विश्व वेटलेंड दिवस पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों के तहत अमृत सागर थीम पर केन्द्रीत सांस्कृतिक, पर्यावरणीय, पारम्परिक महत्व पर आधारित संगोष्ठी, परिचर्चा, क्विज आदि के आयोजन किए गए थे। इसके तहत उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। उपायुक्त विकास सोलंकी, ब्रांड एम्बेसेडर अनुज शर्मा, दिव्या पाटीदार आदि उपस्थित थे।

दबंग दुनीया 5/2/22

**अपग्रेडेशन** • मतदाता सूची में फिर होने लगा बदलाव, 7 तक चलेगा काम, दावे-आपत्ति के बाद जारी होगी फाइनल लिस्ट

# निकाय सूची में घटेंगे वोटर, इस साल चुनाव हुए तो 219628 मतदाता चुनेंगे नगर सरकार

**नगरीय निकाय चुनाव-2022**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2 साल से टलते जा रहे नगरीय निकाय चुनाव इस साल हुए तो नगर सरकार चुनने के लिए लगभग 219628 मतदाता वोट डालेंगे। अंतिम बार मार्च 2021 में जारी निकाय की सूची में 219843 मतदाता थे। सोमवार से नगर निगम सीमा क्षेत्र की मतदाता सूची फिर अपडेट होना शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग से फिलहाल अपग्रेडेशन का ही शेड्यूल आया है जो 7 फरवरी तक चलेगा। मार्च में नगरीय निकाय की फाइनल वोटर लिस्ट जारी हो जाएगी। भाजपा निकाय चुनाव प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि भाजपा हर तरह के चुनाव के लिए तैयार है। 11 प्रतिशत वोट बढ़ाने के लिए बूथ विस्तार अभियान चल रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि पार्टी की स्थिति मजबूत करने घर-घर संपर्क कर रहे हैं।

## अंतिम बार मार्च 2021 में जारी निकाय की सूची में 219843 मतदाता थे

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार्ड | 2021 | 13 | 4002 | 26 | 4293 | वार्ड | 2021 |
| 1 | 5254 | 14 | 3608 | 27 | 6130 | 39 | 3243 |
| 2 | 5455 | 15 | 4374 | 28 | 3879 | 40 | 2932 |
| 3 | 4399 | 16 | 4148 | 29 | 5581 | 41 | 3542 |
| 4 | 4636 | 17 | 3136 | 30 | 4463 | 42 | 3126 |
| 5 | 6065 | 18 | 4677 | 31 | 4114 | 43 | 3005 |
| 6 | 4628 | 19 | 7653 | 32 | 2607 | 44 | 3469 |
| 7 | 5553 | 20 | 5058 | 33 | 4522 | 45 | 4530 |
| 8 | 7693 | 21 | 3372 | 34 | 3446 | 46 | 4137 |
| 9 | 6844 | 22 | 4975 | 35 | 2822 | 47 | 4758 |
| 10 | 5707 | 23 | 4098 | 36 | 3217 | 48 | 4132 |
| 11 | 5485 | 24 | 5766 | 37 | 4817 | 49 | 3491 |
| 12 | 4134 | 25 | 4828 | 38 | 3637 | | |

### छठी बार बदल रही वोटर लिस्ट

दिसंबर 2019 में नप का कार्यकाल खत्म होने के बाद से अब अब छठवी बार बदलाव होगा। पहली बार 2019 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार में वार्ड परिसीमन के बाद, दूसरी बार अप्रैल 2020 में बनी भाजपा सरकार द्वारा परिसीमन निरस्त करने के बाद, तीसरी बार 90 से ज्यादा दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद, चौथी बार राज्य निर्वाचन आयोग से 24 घंटे के लिए पोर्टल खुलवाकर मतदाताओं के नाम सही करवाए। इसके बाद मार्च में पांचवीं बार अंतिम सूची बनकर फाइनल हुई थी।

### पंचायत के बाद ही होंगे निकाय चुना

सरकार इस साल निकाय और पंचायत दोनों चुनाव कराने के मूड में है। इसमें भी पहले पंचायत के ही होंगे। वायरस का फैलाव कम होने के बाद सरकार ने एक बार फिर पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। राज्य निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार मार्च-अप्रैल में पंचायत और उसके बाद संभवतः वार्षिक परीक्षा के बाद मई-जून में निकाय चुनाव भी होंगे।

### जुड़ने से ज्यादा कटेंगे नाम

निकाय की मतदाता सूची में भी जुड़ने के बजाय नाम ज्यादा कटेंगे। मार्च 2021 में बन सूची में 219843 मतदाता हैं। यह संख्या 2014-15 में (195818 मतदाता) हुए चुन से लगभग 24025 ज्यादा है। इससे उलट इस साल पहली बार निकाय की वोटर लिस्ट घटेगी। दिसंबर में अपग्रेड हुई विधानसभा की सूची में लगभग 3116 नाम जुड़े थे, जबकि 3331 नाम कटे थे। इसके अनुसार ही अब निकाय की सूची अपग्रेड की जा रही है। इस वार्डवार नाम हटाए और जोड़े जा रहे हैं।

दै. भास्कर 5/2/22

# नगर निगम के विभिन्न करों से 11.14 लाख हुआ राजस्व प्राप्त

रतलाम। संपत्तिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिषन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करों के तहत बुधवार को कुल राशि रूपये 11,41,274/- का राजस्व प्राप्त हुआ। नगर निगम के विभिन्न करों के तहत बुधवार को संपत्तिकर शिविर से 119587, कार्यालय 382462, वसूली दल 56884 कुल 558933, जलकर शिविर 81770, वसूली दल 64145, कार्यालय 371484 कुल 517399, कम्पाउडिंग 31580, दुकान गुमटी किराया कार्यालय 8739 व वसूली दल 21523 कुल 30262, बगैर मास्क वालो पर स्पॉट फाईन 1700, गंदगी करने पर 1400 इस तरह कुल राशि रूपये 11,41,274/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ। नवभारत

नवभारत ५/२/२२

# आज किरण टॉकीज जूनी कोर्ट के पास लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

संपत्ति और जलकर समेत अन्य शुल्क, किस्त और भूभाटक की बकाया राशि जमा कराने के लिए 4 व 5 फरवरी को वार्ड 40 व 41 के लिए जूनी कोर्ट किरण टॉकीज पर वसूली शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार 28, 29, 36, 37 व 38 के लिए 7 व 8 फरवरी को लॉ कॉलेज आनंद कॉलोनी, वार्ड 28 के लिए 9 फरवरी को प्रतापनगर उद्यान के पास, वार्ड 22 के लिए 10 फरवरी को महावीरनगर, वार्ड 39, 40 व 41 के लिए 11 से 12 फरवरी तक पैलेस रोड तिराहा, वार्ड 25, 26 व 27 के लिए 14 फरवरी को चौगानिया भेरू, वार्ड 24, 25 व 42 के लिए 15 व 16 फरवरी को शिक्षा विभाग सायर चबूतरा पर शिविर लगेगा। अब तक के शिविरों में नगर निगम को 63.27 लाख का संपत्तिकर और 14.46 लाख रुपए जलकर के प्राप्त हुए हैं। शिविर 3 मार्च तक लगाए जाएंगे। भास्कर

दै. भास्कर ५/२/२२

## स्पॉट फाईन दल के 4 कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चार कर्मचारियों को सेवा से बरखास्त किया गया है। स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट, आकाश शिंदि, मनोज झांझोट व राकेश ललावत द्वारा खुले में कचरा डालने वाले नागरिक, दुकानदार, व्यावसायिक प्रतिशठानों पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं करने पर कार्रवाई की गई। पाया गया कि 2 माह पूर्व सिंगल यूज प्लास्टिक व 75 मॉईक्रोन से कम मोटाई की पॉलीथीन प्रतिबंधित किये जाने के बाद भी उनके भण्डारण, विक्रय करने वाले दुकादारों पर भी कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं कर पा रहे थे।

दबंग 4/2/22

## स्पॉट फाईन दल के 4 कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

रतलाम ● निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल के कर्मचारी पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, मनोज झांझोट व राकेश ललावत द्वारा खुले में कचरा डालने वाले नागरिक, दुकानदार, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं करने साथ 2 माह पूर्व सिंगल यूज प्लास्टिक व 75 माइक्रोन से कम मोटाई की पॉलिथीन प्रतिबंधित किए जाने के बाद भी उनके भण्डारण, विक्रय करने वाले दुकानदारों पर भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं करने पर सेवा से बर्खास्त किया गया। स्वदेश

स्वदेश 4/2/22

## पशु वाहन के 5 कर्मचारियों 7 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। शहर में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों पकड़ने हेतु गठित दल के 5 कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से मवेशी नहीं पकड़ने, शहर में स्वच्छंद रूप से मवेशी विचरण करते पाये जाने व प्रतिदिन पकड़े गये मवेशियों की जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गठित दल के कर्मचारी चरणसिंह-भरतसिंह, अय्युब-यासिन, भेरू-गणपत, राधेश्याम बाबुलाल का 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। प्रसारण

प्रसारण 4/2/22

## स्पॉट फाईन दल के 4 कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल के कर्मचारी पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, मनोज झांझोट व राकेश ललावत द्वारा खुले में कचरा डालने वाले नागरिक, दुकानदार, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं करने साथ 2 माह पूर्व सिंगल यूज प्लास्टिक व 75 मॉईक्रोन से कम मोटाई की पॉलीथीन प्रतिबंधित किये जाने के बाद भी उनके भण्डारण, विक्रय करने वाले दुकादारों पर भी कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं करने पर सेवा से बर्खास्त किया गया। नवभारत

नवभारत 4/2/22

## आवारा पशु नहीं पकड़े, 5 कर्मचारियों का वेतन काटा

रतलाम | सड़कों पर खुलेआम घूमने वाले मवेशियों को पकड़ने के लिए बनाए दल के 5 कर्मचारियों का 7 दिन का वेतन काट दिया है। कार्रवाई आयुक्त सोमनाथ झारिया ने की है। दल द्वारा मवेशियों को नहीं पकड़ा जा रहा था। नियमित जानकारी भी नहीं दी जा रही है। कार्रवाई चरणसिंह भरतसिंह, अय्यूब यासिन, भेरू गणपत, राधेश्याम, बाबूलाल पर हुई है। सभी को बर्खास्त करने के नोटिस भी जारी किया है। भास्कर

दै. भास्कर 4/2/22

## कर्मचारियों का वेतन काटा

रतलाम। शहर में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने के लिए गठित दल के पांच कर्मचारियों का सात दिन का वेतन काटा गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गठित दल के कर्मचारी चरणसिंह-भरतसिंह, अय्यूब-यासीन, भेरू-गणपत, राधेश्याम, बाबूलाल का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सुचना-पत्र जारी किया गया। व.दु.

वईदुनिया 4/2/22

# दूधिया रोशनी : बाजना बस स्टैंड से रणजीत हनुमान मंदिर तक का फोरलेन सेंट्रल लाइटिंग से जगमगाया



रतलाम। बाजना बस स्टैंड से वरोठमाता मंदिर तक फोरलेन बनने के बाद सेंट्रल स्ट्रीट लाइट भी लगाई गई है। ये जैसे ही चालू हुई तो बाजना बस स्टैंड से सागोद रोड पुलिया तक पूरा क्षेत्र जगमगा उठा। फोटो | चिंटू मेहता

## रोड पर 84 पोल लगाए

- रणजीत हनुमान मंदिर तक नगर निगम ने 84 पोल लगाए
- बाजना बस स्टैंड से बाजना तक सीसी टू लेन बनाया है। इसमें बाजना बस स्टैंड से वरोठ माता मंदिर तक फोरलेन का निर्माण हुआ है। बाकी टू लेन सड़क का निर्माण हुआ है।
- बाजना बस स्टैंड से रणजीत हनुमान मंदिर तक सेंट्रल लाइट के 84 पोल लगाए हैं।
- नगर निगम द्वारा इन पोल पर 110 एलईडी लाइट लगाई गई है।

## विधायक काश्यप जल्द ही करेंगे लाइटिंग का शुभारंभ

फोरलेन पर सेंट्रल लाइट के पोल लगाने के बाद इस पर एलईडी लाइट लगाई जा रही है। अभी तक जितनी भी लाइट लगाई है वो चालू कर दी है। निगम एलईडी की व्यवस्था कर रहा है। एक-दो दिन में काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद जल्द ही विधायक चेतन्य काश्यप सेंट्रल लाइटिंग का शुभारंभ करेंगे।

दै. भास्कर ५/२/२२

# निगम स्वामित्व की रिक्त व अतिरिक्त भूमि का होगा सर्वे

रतलाम। नगर पालिक निगम रतलाम की पूर्व न्यास की योजनाओं में उपलब्ध रिक्त व अतिरिक्त भूमियों का सर्वे एवं विस्तृत मानचित्र बनाने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा व सर्वे उपरांत अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत विक्रय की कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास (वर्तमान में विकास शाखा) द्वारा 51 आवासीय योजनाऐं बनाई गई थी। आवासीय योजनाओं में रिक्त व अतिरिक्त भूखण्डों के सर्वे का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है इस हेतु नियुक्त कनसलटेंट को कार्यादेश भी जारी किया जा चुका है। सर्वे उपरान्त रिक्त व अतिरिक्त भूखण्डों का विक्रय अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। प्रसारण

प्रसारण 5/2/22

# कन्सलटेंट 28 फरवरी तक 100% कम्पाउडिंग करें

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में अनुमति के विपरीत, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्मित भवनों हेतु शासन के नए निर्देश अनुसार कम्पाउडिंग ...रने के सोमनाथ झारिया ने नगर ...गम इंजीनियर व नगर निगम से ...ायसेंस प्राप्त कन्सलटेंट की समीक्षा बैठक लेकर 28 फरवरी तक 100 प्रतिषत कम्पाउडिंग प्रकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इसके लिए निगम आयुक्त झारिया ने बैठक ली व ऐसे कांलटेंट जिन्होने अभी तक कम्पाउडिंग प्रकरण तैयार नहीं किये है उनके लायसेंस निरस्त करने को कहा है। पत्रिका

पत्रिका 5/2/22

# धरती को स्वच्छ व सुरक्षित बनाएं -लुनेरा

## नगर निगम ने विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया वर्ल्ड वेटलैंड डे



रतलाम ● स्वदेश समाचार

हमारे सौरमंडल में केवल धरती ही ऐसा ग्रह है, जहां जीवन है, नदी, झरने, पहाड़, वन, अनेक जंतु प्रजातियां हैं और जहां हम सब मनुष्य भी हैं। लेकिन हम सब की लालच और लापरवाही ने ना केवल दूसरी जीव प्रजातियों के लिए बल्कि खुद अपने लिए और संपूर्ण धरती के लिए संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में पृथ्वी दिवस जैसे आयोजन हमें जागरूक करने के लिए जरूरी हैं।

उक्त विचार भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने नगर निगम द्वारा विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने शहर के प्राचीन अमृतसागर तालाब के जीर्णोद्धार के लिए नगर निगम प्रशासन को शुभकामनाएं भी दी।

स्वागत भाषण नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने देते हुए विश्व आर्द्र भूमि दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों और पृथ्वी के लिए वेटलैंड्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने अमृत सागर जीर्णोद्धार से जुड़ी योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए आने वाले कुछ माह में अमृत सागर तालाब प्रदेश में ख्याति प्राप्त करेगा।

उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमावत ने कहा कि विश्व वेटलैंड्स दिवस हर साल 2 फरवरी को ईरान के शहर रामसर में केस्पियन सागर के तट पर 2 फरवरी 1971 को वेटलैंड्स के संरक्षण पर हुए कन्वेंशन को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है।

पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहा कि भोपाल का भोज तालाब वेटलैंड है इसी प्रकार से हमारे रतलाम में अमृत सागर तालाब वेटलैंड है इसके जीर्णोद्धार तो नगर निगम कर ही रही है हमें भी इसे सहेजने में अपना योगदान देना है।

पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल ने कहा कि पृथ्वी पर जीवों के विकास की एक लम्बी कहानी है और इस कहानी का सार यह है कि धरती पर सिर्फ हमारा ही अधिकार नहीं है अपितु इसके विभिन्न भागों में विद्यमान करोड़ों प्रजातियों का भी इस पर उतना ही अधिकार है जितना कि हमारा इसलिए धरती को सहेजना है।

उपायुक्त विकास सोलंकी, पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल, श्रीमती सोना शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी, पूर्व क्षेत्रिय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा, ब्रांड एम्बेसेडर अनुज शर्मा, श्रीमती दिव्या पाटीदार जोशी, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी, नागरिक व स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे। स्वदेश

### क्विज और परिचर्चा में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

विश्व वेटलैंड दिवस पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों के तहत अमृत सागर थीम पर केन्द्रीत सांस्कृतिक, पर्यावरणीय, पारम्परिक महत्त्व पर आधारित संगोष्ठी, परिचर्चा, क्विज आदि के आयोजन किए गए थे। इसके तहत उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यहां आयोजित क्विज प्रतियोगिता में संजना मोयल, रोहित यादव और मनीष भरावत ने श्रेष्ठ प्रस्तुति देकर पुरुस्कार प्राप्त किया। इसी तरह परिचर्चा में मनीषा भरावत और धीरज यादव ने पुरुस्कार प्राप्त किया। अन्य प्रतियोगियों को भी प्रमाण पत्र दिए। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक आयोजन में देश भक्ति व स्वच्छता से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, झोन प्रभारी किरण चौहन सहित अन्य गायक कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति दे कर समां बांधे रखा।

स्वदेश 4/2/22

# रतलाम स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**रतलाम ●** रतलाम स्थापना महोत्वस समिति की बैठक समिति के संस्थापक व समिति संयोजक मुन्नालाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में तीन दिवसीय कार्यक्रम कर रतलाम स्थापना दिवस को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाने पर सर्वानुमति से विचार-विमर्श किया गया। उक्त जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोंढ़ा ने बताया कि रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा गुरुवार शाम को रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह द्वारा स्थापित रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण कर रतलाम स्थापना का शुभारंभ किया गया। 4 फरवरी रतलाम स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सांय: 7.30 से 8.30 बजे तक नगर के विभिन्न चौराहों पर आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी। 5 फरवरी महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर रतलाम स्थापना से आज तक पर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जायेगा व आतिशबाजी कर मिठाई वितरण नगर निगम रतलाम व रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा।

स्वदेश

स्वदेश 4/2/22

# अमृत सागर तालाब हमारा वेटलैंड

## उत्साह ● विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया वर्ल्ड वेटलैंड डे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सौर मंडल में केवल धरती ही ऐसा ग्रह है, जहां जीवन, नदी, झरने, पहाड़, वन, अनेक जंतु प्रजातियां हैं, लेकिन हम सब की लालच और लापरवाही ने ना केवल दूसरी जीव प्रजातियों के लिए बल्कि खुद अपने लिए और संपूर्ण धरती के लिए संकट पैदा कर दिया है।

यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने नगर निगम द्वारा विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में कही। अमृत सागर उद्यान में विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि विश्व आर्द्र भूमि दिवस मनाए जाने का उद्देश्य लोगों और पृथ्वी के लिए वेटलैंड्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

### क्विज और परिचर्चा में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

आयोजित विभिन्न गतिविधियों के तहत अमृत सागर थीम पर सांस्कृतिक, पर्यावरणीय, पारंपरिक महत्व पर आधारित संगोष्ठी, परिचर्चा, क्विज में उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। क्विज प्रतियोगिता में संजना मोयल, रोहित यादव और मनीष भरावत ने श्रेष्ठ प्रस्तुति देकर पुरस्कार प्राप्त किया। परिचर्चा में मनीषा भरावत और धीरज यादव ने पुरस्कार प्राप्त किया। अन्य प्रतियोगियों को भी प्रमाण-पत्र भेंट किए गए। सांस्कृतिक आयोजन में देशभक्ति व स्वच्छता से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी गई। यहां निगम आयुक्त, जोन प्रभारी किरण चौहान व अन्य गायक कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर समा बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता गीत का विमोचन भी किया गया। उपायुक्त विकास सोलंकी, पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल, मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी, ब्रांड एम्बेसडर अनुज शर्मा, दिव्या पाटीदार जोशी, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी, नागरिक व स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमावत ने कहा कि विश्व वेटलैंड्स दिवस हर साल ईरान के शहर रामसर में केस्पियन सागर के तट पर दो फरवरी 1971 को वेटलैंड्स के संरक्षण पर हुए कन्वेंशन को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है। वेटलैंड्स एक ऐसा स्थान है जहां पौधे और पशु प्रजातियों की घनी विविधता पाई जाती है। शोधकर्ताओं के अनुसार यह घटता जा रहा है।

**संरक्षण**

- महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना
- सांस्कृतिक आयोजन में देशभक्ति व स्वच्छता से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी

पर्यावरणविद् डा. खुशालसिंह पुरोहित ने कहा कि भोपाल के भोज तालाब की तरह रतलाम में अमृत सागर तालाब वेटलैंड है। इसे सहेजने में अपना योगदान देना है। पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल ने कहा कि धरती पर विभिन्न भागों में विद्यमान करोड़ों प्रजातियों का भी उतना ही अधिकार है जितना कि हमारा।

नईदुनिया ५/२/२२